हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, मंगलवार, जुलाई 9, 2024

12 37 करोड़ से डाली गई पाइप लाइन ने पहली बारिश भी नहीं झेली



12 अमृत सरोवर योजना में हुई धांधली की जांच करवाएं



## खबर संक्षेप

### पत्नी से कहासुनी के बाद लापता हुआ युवक

**फतेहाबाद।** भाटिया कालोनी में पत्नी के साथ हुई कहासुनी के बाद एक युवक घर से लापता हो गया है। इस बारे परिजनों द्वारा पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई गई है। पुलिस को दी शिकायत में भाटिया कालोनी फतेहाबाद निवासी सुभाष चन्द्र ने कहा है कि उसके लड़के नरेन्द्र कुमार की शादी प्रियंका के साथ 2 साल पहले हुई थी। नरेन्द्र और प्रियंका के बीच कुछ समय बाद ही कहासुनी होने लगी गई थी जिस कारण नरेन्द्र डिप्रेशन में रहने लगा था। गत दिवस भी नरेन्द्र की अपनी पत्नी के साथ कहासुनी हो गई थी।

### टोहाना में अस्पताल के बाहर से बाइक चोरी

**फतेहाबाद।** वाहन चोरों ने टोहाना में अस्पताल के बाहर से एक मोटरसाइकिल चोरी कर लिया। इस बारे पुलिस को दी शिकायत में गांव अकांवाली निवासी प्रवीन ने कहा है कि गत दिवस वह अपने मोटरसाइकिल पर सवार होकर अपनी नानी को दवाई दिलवाने टोहाना के संगम अस्पताल में आया था। उसने अपने ckb को अस्पताल के बाहर खड़ा किया और अंदर चला गया।

### जाखल में हेरोइन सहित बाइक सवार गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** नशा तस्करी के आरोप में सीआईए पुलिस ने जाखल से बाईक सवार एक युवक को हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार सीआईए टोहाना पुलिस की टीम एएसआई सुरेन्द्र सिंह के नेतृत्व में नशा तस्करों की धरपकड़ को लेकर गश्त पर थी। टीम जब जाखल में बलरां रोड होते हुए मास्टर कालोनी की तरफ जा रही थी तो गली में से एक युवक मोटरसाइकिल पर आता दिखाई दिया।

### अरोड़वंश महासभा की बैठक में रखा लेखा-जोखा

**रतिया।** श्री अरोड़वंश महासभा की बैठक टोहाना रोड पर हुई। बैठक में महासभा के अध्यक्ष अशोक ग्रोवर के 5 वर्ष के कार्यकाल के सफलतापूर्वक पूरा होने पर सम्मानित किया गया। बैठक में प्रधान अशोक ग्रोवर ने 5 साल के कार्यकाल का लेखा जोखा प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि अध्यक्ष बनते समय उन्होंने जो वायदे किए थे, उन्हें पूरा किया है।

### अखण्ड भारत सेवा दल ने किया पौधरोपण

**फतेहाबाद।** अखण्ड भारत सेवा दल फतेहाबाद के सदस्यों ने शहर के विभिन्न पाकरें एवं सार्वजनिक स्थानों पर 31 पौधो का पौधारोपण किया। सदस्यों ने लाला लाजपत राय पार्क, न्यू बस स्टैंड फतेहाबाद ग्रीन बैल्ट, मिनी बाईपास, खेल ग्राउंड बाउंड्री व डॉ भीमराव अम्बेडकर पार्क में पौधारोपण किया गया। पौधारोपण के बाद सभी कार्यकर्ताओं ने इन्हें संभालने के संकल्प लिया। मिनी बाईपास पर वैल्फेयर सोसायटी व मोहन लाल नारंग, राजीव सेतिया, विजय सहारण, फौजी कोच व उनके खिलाड़ियों ने अखण्ड भारत सेवा दल फतेहाबाद की टीम का सहयोग किया।

### भाविप फतेहाबाद ने किया पौधारोपण

**फतेहाबाद।** भारत विकास परिषद की फतेहाबाद शाखा ने सांस्कृतिक सप्ताह के तहत पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया। शाखा अध्यक्ष अंकित शर्मा की अध्यक्षता एवं उपाध्यक्ष केबी गोदारा के मार्गदर्शन में हुए इस कार्यक्रम के तहत भारत विकास परिषद सदस्यों ने भूना रोड पर देवीस्थल के पास स्थित ग्रीन बैल्ट में 11 त्रिवेणी के तहत नीम-बड़ और पीपल के 33 व्यस्क पौधे और 10 पौधे बेलपत्र और कदम के लगाए और पौधों की देखभाल का संकल्प भी लिया। अंकित शर्मा ने कहा कि पर्यावरण असंतुलन लगातार बिगड़ता जा रहा है और ऐसे में मां प्रकृति के प्रति हमारी जिम्मेदारी बढ़ गई है। इसे निभाने के लिए पौधरोपण जरूरी है।

## अधिकारियों ने दिया 12 जुलाई तक समस्या के समाधान का आश्वासन

# बरसाती पानी की निकासी न होने से खफा किसान तालाबंदी करने पहुंचे नगरपालिका कार्यालय

समाधान न होने पर किसानों ने अधिकारियों को अनिश्चितकालीन धरने की चेतावनी दी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रतिया




रतिया। नगरपालिका कार्यालय में किसानों से बातचीत करते पुलिस अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

शहर में बरसाती पानी के निकासी व्यवस्था उचित न होने को लेकर पगड़ी संभाल जट्टा किसान संघर्ष समिति के आह्वान किसानों द्वारा सोमवार को नगर पालिका कार्यालय के समक्ष धरना दिया गया। इन लोगों ने चेतावनी दी कि अगर उनकी मांग पर गौर न किया गया तो वह नगर पालिका की तालेबंदी करेंगे। सूचना मिलने पर तहसीलदार विजय कुमार, नगर पालिका सचिव संदीप कुमार व जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे। नगर पालिका सचिव ने शुक्रवार 12 जुलाई तक अन्य विभागों से तालमेल कर समस्या का उचित समाधान करने का आश्वासन दिया। बता दें कि हलकी सी बरसात होते ही बरसात का पानी शहर में जगह-जगह खड़ा हो जाता है और काफी देर तक तक पानी की निकासी नहीं होती। पानी की निकासी की उचित व्यवस्था न होने के पर पगड़ी संभाल जट्टा किसान संघर्ष समिति ने निर्णय लिया गया था कि इस समस्या को सुलझाने के लिए सोमवार को नगर पालिका कार्यालय पहुंचकर अधिकारियों से जवाब तलब किया जाएगा अगर उचित जवाब ना दिया गया या उनकी सुनवाई न की गई तो नगर पालिका की तालाबंदी की जाएगी। सोमवार को पगड़ी संभाल जट्टा किसान संघर्ष समिति के प्रदेश अध्यक्ष मनदीप सिंह, सुखदीप सिंह, शहरी प्रधान गुरदीप सिंह, ब्लॉक प्रधान गुरप्यार सिंह बड़ा, गुरलाल सिंह, बच्चन सिंह, प्रेम खोकर, इंद्रजीत समरा, परगट सिंह, गुरचरण बादलगढ़, परमजीत सिंह, मिट्ठू सिंह, सुखचैन सिंह, अमरीक सिंह, रणजीत सिंह, प्रदीप सिंह, अजैब सिंह आदि दर्जनों किसान नगर पालिका पहुंच गए। नगर पालिका कार्यालय को तालाबंदी की सूचना मिलते ही थाना अध्यक्ष जय सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे तथा उन्होंने किसानों को शांत करवाया। इसके बाद किसानों द्वारा नगर पालिका गेट के समक्ष धरना शुरू कर दिया गया। धरने की सूचना को लेकर तहसीलदार विजय कुमार, नगरपालिका सचिव संदीप कुमार, नगर पालिका जेई हवा सिंह व जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे। नगर पालिका सचिव संदीप कुमार ने किसानों की बात सुनते हुए कहा कि अन्य विभागों के अधिकारियों की टीम के साथ निरीक्षण कर शुक्रवार तक पानी निकासी की उचित व्यवस्था करने के प्रबंध किए जाएंगे। किसानों ने चेतावनी दी कि अगर शुक्रवार तक बरसाती पानी के निकासी की व्यवस्था न सुधरी तो वह लोग नगर पालिका की तालाबंदी करेंगे व अनिश्चितकालीन धरना शुरू करेंगे।



रतिया। नगरपालिका कार्यालय में किसानों से बातचीत करते पुलिस अधिकारी।

### रतिया व जाखल में पाइप लाइन के लिए 47.88 करोड़ मंजूर

**फतेहाबाद।** मुख्यमंत्री नायब सिंह ने फतेहाबाद जिले में सीवरेज व्यवस्था को और बेहतर करने तथा पेयजल के प्रबंध के लिए करोड़ों की परियोजनाओं को मंजूरी दी है। जिले के जाखल शहर में पेयजल आपूर्ति योजना का विस्तार करने और एक नई जल आपूर्ति पाइपलाइन बिछाने की परियोजनाएं हैं, जिनकी कुल लागत 7 करोड़ रुपये से अधिक आएगी। इसके अलावा रतिया शहर में पाइप लाइनों को बिछाना, पुरानी पाइप लाइनों को बदलना, संतुलन क्षमता जलाशय के लिए पंपिंग सेट की आपूर्ति और निर्माण करना और विभिन्न जल आपूर्ति प्रतिष्ठानों में 'एलओटी' सिस्टम स्थापित करना शामिल है। इस परियोजना की लागत 40.88 करोड़ रुपये से अधिक है।

### बस न रोकी तो परिचालक पर हथियारों से हमला, कई सवारियों को आई चोटें

**फतेहाबाद।** फतेहाबाद से रतिया जा रही प्राइवेट बस में परिचालक और दो युवकों के बीच हुए विवाद के चलते गांव अयाल्की में युवकों ने अपने साथियों को बुला लिया। दर्जनभर युवकों ने बस में घुसकर परिचालक पर तेजधार हथियार से हमला कर दिया वहीं जमकर तोड़फोड भी की। इस हमले में परिचालक के अलावा बस चालक व दो सवारियों को भी चोटें आई हैं। इन्हें उपचार के लिए रतिया के सरकारी अस्पताल में भर्ती करवाया गया जहां से इन्हें अग्रोहा रेफर कर दिया गया। मामले की सूचना पुलिस को दी गई है। सदर फतेहाबाद पुलिस को दी शिकायत में कुलां निवासी सुरेन्द्र कुमार ने कहा है कि वह फतेहाबाद-रतिया-टोहाना रूट पर चलने वाली प्राइवेट बस का परिचालक है। गत दिवस दोपहर को वह बस लेकर फतेहाबाद से रतिया के लिए रवाना हुआ था। बस जब पुराने बस अड्डे पर पहुंची तो दो लड़के बस में सवार हो गए। जैसे ही बस बाईपास से निकली तो इन युवकों ने अयाल्की की टिकट ली। थोड़ी देर बाद इन युवकों ने शोर मचा दिया कि उनका फोन गिर गया है। इस पर उसने बस रूकवा दी। इसके बाद दोबारा बस चली तो कुछ देर में युवकों ने फिर शोर-शराबा शुरू कर दिया। इस पर उसने युवकों से कहा कि बस में शोर शराबा न करें, उनका टाईम जल्दी है और एक युवक उतरकर पीछे वाली बस में फोन लेकर आ जाए। जैसे ही बस अयाल्की पहुंची तो दोनों युवकों ने अपने 7-8 साथियों ने बुला लिया और इन लोगों ने बस में चढ़कर उसके साथ मारपीट शुरू कर दी और तेजधार हथियारों से हमला कर दिया। युवकों द्वारा फैंकी गई ईंटों से बस में बैठी सवार सुमन अहरवां, बोबी अहरवां भी घायल हो गए। बीच-बचाव करने आया बस चालक कुलदीप को भी इन लोगों ने चोटें मारी और बस में भी तोड़फोड़ की। बाद में उक्त हमलावर उसे जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए।

### दुकान में घुसकर युवक ने हजारों की नकदी चुराई

**फतेहाबाद।** भूना मोड स्थित एक दुकान में घुसकर चोर दराज में रखे पर्स को चोरी कर ले गया। पर्स में हजारों की नकदी व अन्य जरूरी कागजात थे। इस बारे दुकानदार द्वारा पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई गई है। पुलिस को दी शिकायत में सतीश कालोनी निवासी संदीप विनायक ने कहा है कि उसकी भूना मोड पर कार एसी की दुकान है। गत दिवस दोपहर को वह अपनी दुकान के सामने कार का काम कर रहा था। इसी दौरान अज्ञात युवक उसकी दुकान में घुस गया और मेज की दराज का लॉक तोड़कर उसमें से उसका पर्स चोरी कर ले गया है। उसने बताया कि पर्स में करीब 18 हजार रुपये की नकदी व अन्य जरूरी कागजात थे। जब वह दुकान में आया तो उसे चोरी का पता चला। इस पर पहले उसने आसपास तलाश की लेकिन जब कुछ पता नहीं चला तो उसने इस बारे पुलिस को शिकायत दी।

## जिला विधिक प्राधिकरण स्कूलों में देगा स्कीमों की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद

जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के द्वारा नागरिकों को राष्ट्रीय विधिक सेवाएं प्राधिकरण व हालसा की विभिन्न स्कीमों की जानकारी देने के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण की सचिव गायत्री ने बताया कि जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं प्राधिकरण के अध्यक्ष दीपक अग्रवाल के मार्गदर्शन में जिला में 10 जुलाई से 19 जुलाई तक सरकारी स्कूलों में जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 10 जुलाई को जीएसएसएस बनावाली में अधिवक्ता नवीन कुमार, 11 जुलाई को जीएसएसएस ढांड में अधिवक्ता मुकेश कुमार, 12 जुलाई को जीएमएसएसएस भूना में अधिवक्ता संजीवन कुमार, 15 जुलाई को जीएसएसएस नहला में अधिवक्ता शहनवाज, 16 जुलाई को जीजीएसएसएस जांडली कलां में अधिवक्ता श्वेता रानी, 17 जुलाई को जीजीएसएसएस भोडिया खेड़ा में अधिवक्ता सुमन लता, 18 जुलाई को जीएसएसएस भिरड़ाना में अधिवक्ता एमएल भांभू विद्यार्थियों को स्कीमों की जानकारी देंगें।

## समाधान शिविर में एसपी-एडीसी ने सुनी समस्याएं

### अफसरों के सामने 34 लोगों ने रखीं अपनी शिकायतें

- एडीसी ने कहा कि सभी अधिकारी आमजन की शिकायतों को जल्द से जल्द दूर करें

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद




फतेहाबाद। समाधान शिविर में नागरिकों की समस्याएं सुनते एसपी आस्था मोदी व एडीसी राहुल मोदी। फोटो : हरिभूमि

जिला प्रशासन की तरफ से प्रत्येक कार्य दिवस पर समाधान शिविर का आयोजन करवाया जा रहा है। सोमवार को लघु सचिवालय में आयोजित हुए समाधान शिविर में पुलिस अधीक्षक आस्था मोदी और एडीसी राहुल मोदी ने नागरिकों की शिकायतों को सुना व अधिकारियों को समाधान करने के निर्देश दिए। सोमवार को समाधान शिविर में कुल 34 शिकायतों पर सुनवाई की गई और अधिकतर शिकायतों का मौके पर ही समाधान किया गया। शिविर में क्रिड विभाग से 24, समाज कल्याण विभाग से 3 तथा स्वास्थ्य विभाग से 2 शिकायतें प्राप्त हुई जिनका मौके पर ही निपटान किया गया। इसके अलावा 5 शिकायतें पुलिस विभाग से संबंधित रही। एडीसी ने कहा कि सभी अधिकारी आमजन की शिकायतों को जल्द से जल्द दूर करें। आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान रा'य सरकार व जिला प्रशासन की पहली प्राथमिकता है। एडीसी राहुल मोदी द्वारा समाधान शिविर में परिवार पहचान पत्र, विभिन्न प्रकार की सामाजिक सुरक्षा पेंशन, बिजली, पेयजल, स्वामित्व रजिस्ट्री सहित विभिन्न प्रकार की समस्याएं सुनी गई। इस अवसर पर डीएमसी संजय बिश्नोई, डीएसपी जगदीश काजला, नप ईओ राजेंद्र सोनी, एमओ डॉ. कुलदीप चौधरी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

## महिला की मौत के मामले में, जीएम सहित तीन पर केस

- पुलिस द्वारा खानापूर्ति करने से खफा मृतका का बेटा पहुंचा कोर्ट, पुलिस अधिकारियों पर सुनवाई न करने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद

गांव ललनियां के पास फरवरी महीने में हुए सड़क हादसे में कार सवार महिला की मौत के मामले में पुलिस ने रोडवेज जीएम सहित तीन लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। इस मामले में पहले पुलिस द्वारा इत्तफाकिया कार्रवाई की गई थी, जिसके खिलाफ मृतका के बेटे ने आवाज उठाई और सीएम से लेकर पुलिस के उच्चाधिकारियों को शिकायत की लेकिन जब कोई कार्रवाई नहीं हुई तो उसने अदालत की शरण ली। इस याचिका पर सुनवाई के बाद अब पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। पुलिस को दी शिकायत में गांव नाढोडी निवासी राजकुमार ने कहा है कि 19 फरवरी को वह अपनी माता सरस्वती देवी को दवाई दिलवाने के लिए अपनी कार में सवार होकर अरोड़ा अस्पताल फतेहाबाद आ रहा था। जैसे ही वे गांव झलनियां के पास पहुंचे तो उसके आगे हरियाणा रोडवेज की बस चल रही थी। बस का चालक बस को लापरवाही से सड़क के बीचों-बीच चला रहा था। जैसे ही उसने अपनी कार को साइड में किया तो उसी दौरान सामने से एक स्कार्पियो गाड़ी आ गई और बस चालक ने बेवजह अचानक ब्रेक लगा दी जिस कारण उसकी गाड़ी रोडवेज बस के पीछे जा टकराई। इस हादसे में उसे व उसकी माता सरस्वती को काफी चोटें आई।

### रोडवेज बस चालक पर लापरवाही का आरोप

बाद में लोगों ने उन्हें उपचार के लिए फतेहाबाद के सद्भावना अस्पताल में भर्ती करवाया। यहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी मां की हालत गंभीर होने पर उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। इसके बाद उसकी माता को उपचार के लिए हिसार के निजी अस्पताल में भर्ती करवाया जहां 24 फरवरी को उनकी मौत हो गई। राजकुमार ने कहा कि इस मामले में जब वह परिजनों के साथ सदर थाना फतेहाबाद में एफआईआर दर्ज करवाने गए तो पुलिस ने उसे बताया कि उसके ब्यान पर पुलिस ने 174 के तहत इत्तफाकिया कार्रवाई कर दी है। इस पर उसने 14 मार्च को इस बारे एसपी फतेहाबाद को शिकायत दी लेकिन कोई कार्रवई नहीं हुई। बाद में उसने मुख्यमंत्री, गृहमंत्री, डीजीपी व आईजी हिसार को भी शिकायत दी लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। उसने आरोप लगाया कि बस चालक ने लापरवाही से बस को सड़क के बीचों-बीच चलाया और अचानक ब्रेक लगा दी जिस कारण हुए हादसे में उसकी माता की मौत हुई है लेकिन पुलिस ने बिना ब्यान दर्ज किए इत्तफाकिया कार्रवाई कर डीडीआर काट दी और मामला बंद कर दिया।

## बेहतर जीवन के लिए लगाएं वृक्ष

- लायंस क्लब ने कुलां के खेल मैदान में किया पौधारोपण
- पौधारोपण करना प्रकृति का संरक्षण और संवर्धन है: दलबीर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जाखल



जाखल। कुलां में पौधारोपण करते मुख्यअतिथि व लायंस क्लब सदस्य।

लायंस क्लब कुलां द्वारा पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कदम बढ़ाते हुए कुलां में भुना रोड पर स्थित खेल मैदान में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस मौके पर क्लब के सदस्यों द्वारा विभिन्न पौधों का रोपण किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि कुलां पुलिस चौकी के प्रभारी दलबीर सिंह ने शिरकत की। उन्होंने कहा कि प्रकृति को ईश्वर का दूसरा रूप कहा जाता है तथा पेड़ों पर ही प्रकृति निर्भर रहती है। पौधारोपण करना प्रकृति का संरक्षण और संवर्धन है। ऐसे में पर्यावरण का संतुलन बनाए रखने के लिए अधिक से अधिक पौधारोपण कर उनका संरक्षण किया जाना अति आवश्यक है। इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष संजीव ठाकुर, मुंशी राजेश कुमार, कुलां गांव के सरपंच प्रतिनिधि काला नागरा, कंवल सरदाना, डॉ. पवन बंसल व गगन सिंगला मौजूद रहे।

## यूथ एंड इको क्लब ने एमपी रोही विद्यालय में किया पौधारोपण

# बढ़ते तापमान पर नियन्त्रण के लिए लगाएं पौधे

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद



फतेहाबाद। गांव एमपी रोही विद्यालय में छात्राओं के साथ पौधारोपण करते प्राचार्य भगवान दत्त व डॉ. ओमप्रकाश कादयान।

यूथ एण्ड इको क्लब के तहत विद्यालयों में सप्ताहभर चले कार्यक्रम के समापन पर राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, मोहम्मदपुर रोही में धरा को हरा-भरा करने, प्राकृतिक सन्तुलन कायम करने की दिशा में एक सकारात्मक कदम उठाते हुए पौधारोपण किया गया। पौधारोपण की शुरुआत बेल का औषधीय पौधा लगाकर की गई। इससे पहले बच्चों को प्लास्टिक समस्या व नियन्त्रण पर चर्चा की गई। विद्यालय के प्राचार्य भगवान दत्त ने कहा कि प्लास्टिक का अधिकाधिक उपयोग स्वस्छ पर्यावरण के लिए बड़ा संकट बनता जा रहा है। हमें प्लास्टिक के प्रयोग से बचना चाहिए। वरिष्ठ साहित्यकार तथा यूथ एण्ड इको क्लब के डिस्ट्रिक को-ऑर्डिनेटर डॉ. ओमप्रकाश कादयान ने कहा कि यह कमाल की बात है कि पिछले दिनों जब तापमान 50 पार कर चुका था तो लोगों ने फेसबुक तथा व्हाट्सअप पर करोड़ों पौधे लगा दिए जबकि हकीकत में एक प्रतिशत भी नहीं लगे होंगे। जब तक हम कम होते पेड़, कटते जंगलों के प्रति गंभीर नहीं होंगे, तब तक पर्यावरणीय समस्या विनाशकारी होती जाएगी। उन्होंने बच्चों को बरसात व उमस में स्वच्छ रहने के टिप्स भी दिए। प्राचार्य भगवान दत्त ने 'पौधारोपण करने तथा प्लास्टिक रहित वातावरण' कार्यक्रम से पहले प्रतिभावान छात्राओं रविना, मोनिका, सुखदेवी, अनुराधा, डोली, सपना, सूरजमुखी, रितु, 'योति, वन्दना, सिमरन, महक को सम्मानित किया। इस मौके पर विद्यालयों की छात्राओं सहित स्टाफ सदस्य आशा रानी, दीपिका सेठी, कमलेश रानी, इन्दू भारती, शशिबाला, सुनीता रानी, अनीता रानी, संजय ग्रोवर, रणवीर सिंह, अजय, मेवा सिंह, धर्मवीर सिंह, रमेश शास्त्री, दिलबाग आदि रहे।

## धान की सीधी बिजाई के लिए किसानों को किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जाखल

- सीधी बिजाई करने पर किसानों को 4 हजार रुपए प्रति एकड़ की दर से दिया जा रहा अनुदान

कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा सोमवार को क्षेत्र के गांव नन्हेडी में किसानों को धान की सीधी बिजाई करने के लिए प्रेरित करने हेतु प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विषय विशेषज्ञ रामेश्वर दास ने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा धान की सीधी बिजाई करने पर किसानों को 4 हजार रुपए प्रति एकड़ की दर से अनुदान उपलब्ध करवाया जा रहा है। जिन किसानों ने धान की सीधी बिजाई की हैं वो किसान इस राशि के लिए 10 जुलाई तक विभाग के पोर्टल पर अपना पंजीकरण करवा ले। उन्होंने बताया कि किसान पारंपरिक विधि से धान की पौध तैयार करके खेत में धान की रोपाई करते हैं। इसमें समय के साथ-साथ पानी की खपत बेहद अधिक होती है। इसके अतिरिक्त धान की रोपाई करने में श्रम भी ज्यादा लगता है, जिससे धान की खेती पर होने वाले खर्च में वृद्धि भी होती है। इस अवसर पर कृषि पर्यवेक्षक रोशन लाल, गांव के सरपंच पप्पू राम व गांव के गणमान्य लोग व किसान मौजूद रहें।

हरिभूमि

# सहेली



बदलते हुए समय के साथ वैवाहिक रिश्तों को लेकर महिलाओं की सोच भी बदली है। उनके लिए विवाह अब अनिवार्य नहीं रहा है। आज कई महिलाएं पूरी स्वतंत्रता के साथ सिंगल रहना पसंद करती हैं। विवाह को लेकर बढ़ती अरुचि, टूटते वैवाहिक संबंधों की बढ़ती संख्या पर एक जरूरी विवेचन।

## महिलाएं क्यों रहना चाहती हैं सिंगल

कवर स्टोरी / अलका 'सोनी'

विवाह हमारे समाज की अत्यंत महत्वपूर्ण प्रथा है। ऐसा माना जाता है कि जीवन की गाड़ी, विवाह के पहिए पर ही आगे बढ़ती है। विशेषकर महिलाओं के लिए तो विवाह अनिवार्य है। इनका सिंगल रहना जैसे वर्जित है। लड़की की उम्र थोड़ी ज्यादा हुई नहीं कि उसके बारे में तरह-तरह की बातें होने लगती हैं। लोग उससे यही पूछते हैं, 'तुम्हारे हाथ कब पीले हो रहे हैं? मिठाई कब खिला रही हो?' इतना ही नहीं समाज के लोग तरह-तरह के अटपटे सवाल भी करते हैं। लड़की खुद को बहुत शर्मिंदा महसूस करती है। हम यह क्यों नहीं समझते कि बदले हुए दौर में लड़कियों की सोच भी बदल चुकी है। अब उनके जीवन में विवाह के इतर भी बहुत कुछ है।

### लड़कियों की बदल गई हैं प्राथमिकताएं

पिछले कुछ समय से लड़कियों की वैवाहिक रिश्ते में बंधने और इसके प्रति कमिटमेंट में रहने की मानसिकता में बदलाव आया है। शादी, जिसे सात जन्मों का बंधन माना जाता है, यह सोच बदली है। पति के साथ हर हाल में संबंधों का निर्वाह उनके लिए अब जरूरी नहीं है। आज उनके लिए अकेले रहना मुश्किल नहीं है। सामाजिक रीति-नीति को झुठलाती ये लड़कियां आत्मविश्वास से भरपूर और आत्मनिर्भर हैं। इनकी प्राथमिकताएं अब बदल चुकी हैं। शादी को यह आधी दुनिया अब बहुत जरूरी नहीं समझती।

### क्यों बढ़ रही है विवाह के प्रति अरुचि

सवाल यह है विवाह और विवाह संबंधों की बढ़ती अरुचि के पीछे कारण क्या हैं? डाटा एनालिस्ट मिंटेल द्वारा हुई एक स्टडी के अनुसार संबंधों को चलाने के लिए पुरुषों के मुकाबले महिलाओं को ज्यादा काम और मेहनत करनी पड़ती है। ऐसा इसलिए क्योंकि एक तरह से गृहस्थी की सारी जिम्मेदारी हमारे समाज में महिलाओं के हिस्से में डाल दी जाती हैं। रिलेशनशिप एक्सपर्ट्स की मानें तो महिलाएं रिश्तों को निभाने के साथ-साथ घर के काम, खाना बनाना, फैमिली का ध्यान रखना, बच्चों की परवरिश, रिलेशनशिप में होने वाली छोटी-मोटी लड़ाइयों का निपटारा आदि बातों में इतनी ज्यादा उलझ जाती हैं कि रिलेशनशिप में उनकी रुचि एक समय के बाद खत्म हो जाती है। वे अपना 'मी' टाइम मिस करने लगती हैं। नतीजा यह होता है वे विवाह के बंधन से मुक्त होने की सोचने लगती हैं।



### कोई गिला नहीं जिंदगी से

अब तेजी से वक्त बदल रहा है। महिलाओं की शिक्षा और उनकी आर्थिक आत्मनिर्भरता ने उनकी स्थिति को बदला है। नए दौर की महिलाएं करियर, सामाजिक रुतबे और मन मुताबिक जिंदगी जीने को तवज्जो देने लगी हैं। सौ फीसदी ना सही, लेकिन शिक्षित वर्ग की महिलाओं का एक बड़ा तबका अब अपनी शर्तों पर जिंदगी जी रहा है। समाज क्या कहेगा, इसकी चिंता छोड़कर ये महिलाएं वही करती हैं, जो उनका दिल कहता है। यही कारण है कि अविवाहित महिलाओं की संख्या पहले की तुलना में काफी बढ़ी है। खास बात यह है कि इन सिंगल वूमेन को अपने अकेलेपन से कोई शिकायत नहीं है। ये जिंदगी की दौड़ में जीत दर्ज करते हुए निरंतर आगे बढ़ रही हैं, खुश भी हैं।

#### क्या कहते हैं आंकड़े

डाटा एनालिस्ट मिंटेल द्वारा हुई स्टडी के अनुसार जहां 49 फीसदी पुरुष अपने सिंगल स्टेटस से खुश हैं, वहीं 61 फीसदी महिलाएं सिंगल रहना चाहती हैं। इस स्टडी में यह भी बताया गया है कि सिंगल महिलाओं में लगभग 75 फीसदी महिलाएं ऐसी हैं, जिन्होंने अपने लिए पार्टनर ढूंढ़ने की कोई कोशिश भी नहीं की है, जबकि महिलाओं के मुकाबले ऐसे पुरुष केवल 65 फीसदी हैं।

### शादी को लेकर टूट रही है अवधारणा

'पत्नी और मां बने बिना औरत अधूरी है।' यह अवधारणा अब पुराने जमाने की सी मालूम होती है। छत्तीस वर्षीया तनु कहती हैं, 'मुझे नहीं लगता कि शादी संपूर्णता और खुशी की गारंटी है। मैंने अपने बहुत से दोस्तों को देखा है, जो शादी-शुदा होने के बावजूद अकेले और खुद को प्यार से वंचित महसूस करते हैं। यह सच है कि अपने अंदर की रिक्तता को आप खुद ही भर सकते हैं। मैं अपने करियर और शौक पूरे करके खुश हूं। आज अपने आस-पास टूट रहे वैवाहिक संबंधों को देखकर अकेले रहने के फैसले से मुझे खुशी महसूस होती है।' तनु आगे भी कहती हैं, 'घर से लेकर ऑफिस तक के काम में मैं इतनी बिजी रहती हूं कि खुद के लिए फुर्सत नहीं होती तो अकेलापन कहां से महसूस होगा। वैसे भी घर में मम्मी-डैडी सब हैं।' तनु जैसी अन्य महिलाओं को भी देखकर कहा जा सकता है कि कभी पति और बच्चों के दायरे में सिमटी रहने वाली भारतीय महिलाओं की सोच और जिंदगी अब तेजी से बदल रही है।

### जीवन की सफलता के लिए जरूरी नहीं विवाहित होना

पहले किसी महिला की सफलता-असफलता उसकी वैवाहिक स्थिति से मापी जाती थी। मतलब अगर महिला की शादी-शुदा जिंदगी सुखी है तो वह सफल है। अगर उसका वैवाहिक जीवन बिखरा हुआ है या वह तलाकशुदा है तो उसे असफल माना जाता था। लेकिन आज महिलाएं जान चुकी हैं कि उनकी सफलता का विवाह से कोई लेना-देना नहीं है। कोई महिला कितनी सफल है, यह उसके करियर और आर्थिक आत्मनिर्भर होने से जुड़ा विषय है, ना कि विवाह से जुड़ा।

### स्वतंत्र रहने की चाहत

हमारे देश में पारिवारिक ढांचा ऐसा है, जिसमें पढ़ी-लिखी और कामकाजी महिलाओं को भी आजादी नहीं मिल पाती। उन पर पाबंदियां होती हैं। उन्हें हर बात का हिसाब देना पड़ता है। अगर वे बाहर काम करती हैं तो उन्हें घरेलू कामों से भी राहत नहीं मिलती। इसके अलावा उन्हें अपने वेतन से घर चलाने के लिए पैसे देने पड़ते हैं। शादी-शुदा होने की स्थिति में भी उनके पैसे पर उनके पति का ही अधिकार होता है। इस स्थिति में महिलाएं सिंगल रहना ज्यादा पसंद करती हैं।

उपर्युक्त पहलुओं पर विचार करने के बाद यही कहा जा सकता है कि आज की महिलाएं जागरूक हुई हैं। वे अपने करियर और अपनी पसंद को वरीयता दे रही हैं। रिश्ते में किसी तरह का समझौता नहीं चाहती हैं। अब वह जमाना नहीं रहा कि वे घुट-घुटकर जीवन को गुजारें।

#### टूट रहा है परंपरागत सामाजिक ढांचा

**भारत में** वैवाहिक रिश्तों का परिदृश्य लगातार तेजी से बदल रहा है। यह पिछले कुछ सालों में परंपरागत समाज की तुलना में आधुनिक ढांचे की ओर बढ़ रहा है। शादी और रिलेशनशिप से जुड़े अलग-अलग सवालों को लेकर किए गए एक अध्ययन में यह भी पाया गया कि भारतीय महिलाएं अपनी विषम पारिवारिक स्थितियों के कारण सिंगल रहना पसंद कर रही हैं। आज वे केवल सामाजिक मांगों के कारण रिश्ते में बंधने की जल्दबाजी नहीं कर रही हैं। डाटा एनालिस्ट मिंटेल की स्टडी के अनुसार देश भर की लगभग 81% महिलाओं ने महसूस किया कि अविवाहित होने और अकेले रहने में अधिक आसानी होती है। यहां तक कि किसी के साथ डेटिंग करते समय भी उनमें से लगभग 63% ने कहा कि वे केवल अपने साथी की पसंद को वरीयता नहीं देंगी बल्कि खुद के प्रति सच्ची रहेंगी। इस स्टडी से यह भी पता चला कि 83% महिलाएं तब तक इंतजार कर सकती हैं, जब तक कि उन्हें सही साथी ना मिले। यानी कि अब उन्हें शादी या जीवनसाथी के लिए कोई जल्दबाजी नहीं है।

## कभी स्किप ना करें ब्रेकफास्ट

डाइट एडवाइस
शिखर चंद जैन

हेल्दी रहने के लिए केवल लंच और डिनर ही नहीं ब्रेकफास्ट का भी न्यूट्रिशस होना जरूरी है। याद रखें कि किसी भी कंडीशन में ब्रेकफास्ट स्किप ना करें। इसे स्किप करने से कई तरह की हेल्थ प्रॉब्लम्स हो सकती हैं।



अभिलाषा, तुमने तो शूज भी पहन लिए। इतनी भी क्या जल्दी है, नाश्ता करके चलेंगे।' तनु ने अपनी रूममेट को टोका। अभिलाषा लापरवाही से बोली, 'क्या यार तेरी बुजुर्गों जैसी आदतें हैं। नाश्ता क्या करना है, सीधे लंच लेंगे रेस्तरां में।'

तनु ने समझाया, 'शायद तुम्हें पता नहीं है कि ब्रेकफास्ट करना सभी के लिए जरूरी है। सुबह का नाश्ता हमें दिन की बेहतरीन एनर्जी देता है।'

**कई रोगों से बचाव:** दुनिया भर में कई शोध हो चुके हैं, जिनसे पता चलता है कि नियमित रूप से नाश्ता करने के कई हेल्थ बेनिफिट्स हैं। अमेरिका की ड्यूक यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ मेडिसिन में डाइटिशियन और मेडिसिन की प्रोफेसर कैथरीन स्टार कहती हैं, 'नाश्ता करने से मोटापा, कार्डियोवैस्कुलर डिजीज और टाइप टू डायबिटीज का जोखिम कम होता है। वयस्कों में शॉर्ट टर्म मेमोरी इंप्रूव होती है, बच्चों का परफॉर्मेंस इंप्रूव होता है। उन्हें भरपूर एनर्जी मिलती है। नाश्ता सही शुरुआत में मददगार होता है।'



**कैसा हो ब्रेकफास्ट:** न्यू जर्सी (अमेरिका) की डाइटिशियन लॉरेंस हैरिस पिंकस कहती हैं, 'मेन मील से पहले ब्लड शुगर लेवल और एनर्जी मेंटेन करने के लिए प्रोटीन, फाइबर रिच और अनसैचुरेटेड फैट्स फ्री नाश्ता करें।'

**प्रोटीन:** मसल्स मेटाबॉलिज्म और फिजिकल स्ट्रेंथ के लिए प्रोटीन की आवश्यकता होती है। इसकी मात्रा डाइट में 25 से 30 ग्राम तक सीमित रखें। इससे अधिक प्रोटीन या तो बॉडी में फैट की तरह स्टोर हो जाता है या फिर निकल जाता है। जब नाश्ता मिस करती हैं तो सुबह प्रोटीन की जरूरत पूरी नहीं हो पाती है।

**न्यूट्रिएंट्स:** हमारे शरीर में जिन पोषक तत्वों की कमी पाई जाती है, वे हैं-कैल्शियम, विटामिन डी, पोटेशियम और फाइबर्स। नतीजतन स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। जब रेग्युलर न्यूट्रिएंट्स रिच नाश्ता करती हैं तो इन तत्वों की भरपाई होती है। ओट्स, दलिया, कॉर्नफ्लेक्स, फल लें। इनसे विटामिन डी, फाइबर्स, कैल्शियम मिलता है।

#### ब्रेकफास्ट करने के फायदे

- सुबह भूखे रहने पर हमारा कंसंट्रेशन वीक होता है। हेल्दी ब्रेकफास्ट कंसंट्रेशन लेवल और फोकस इंप्रूव करता है।
- नाश्ता करने से इमोशंस कंट्रोल करने में मदद मिलती है और डिसीजन मेकिंग स्किल सही रहती है।
- चीज, योगर्ट, फर्मेंटेड फूड्स (ढोकला, इडली) लेने से टाइप टू डायबिटीज, कार्डियोवैस्कुलर डिजीज और इन्फ्लेमेशन का जोखिम कम होता है।

## ग्रीन टी से पाएं चेहरे पर निखार

टिप्स

आपने यह तो सुना-पढ़ा होगा कि हमारी हेल्थ के लिए ग्रीन टी बहुत फायदेमंद है। लेकिन क्या आपको पता है कि यह स्किन की कई प्रॉब्लम्स को दूर कर रंगत को भी निखारती है। दरअसल, ग्रीन टी में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स, चेहरे की सेल्स में ब्लड सर्कुलेशन को बढ़ावा देते हैं। इससे त्वचा में ऑक्सीजन की मात्रा बढ़ने से चेहरे की रंगत में निखार आता है। जानिए, ग्रीन टी से कैसे स्किन केयर की जा सकती है।



- मॉयश्चराइजर के तौर पर ग्रीन टी का इस्तेमाल कर सकते हैं। 25 मिली कोकोनट ऑयल, 25 मिली एलमंड ऑयल और 25 मिली एसेंशियल ऑयल (जैसे लैवेंडर ऑयल) को आधा कप ग्रीन टी की पत्तियों में डुबोकर रखें। कुछ देर बाद इसे ब्लेंडर में पीसकर पेस्ट बना लें। इसका इस्तेमाल मॉयश्चराइजर की तरह करें। यह त्वचा को नमी देकर सुंदर बनाता है। चेहरे के दाग-धब्बों को हटाता है।
- आंखों के नीचे के डार्क सर्कल्स कम करने के लिए उस हिस्से पर ग्रीन टी बैग्स लगाएं। इससे आंखों के आस-पास की पफीनेस भी दूर होती है।
- ग्रीन टी बैग का इस्तेमाल करने के बाद इन्हें फेंके नहीं, इसके बजाय इन्हें फ्रीजर में रखकर जमा लें। दिन में एक बार इन्हें आंखों और चेहरे पर 15 मिनट तक रखें। ग्रीन टी में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स आंखों की स्किन को न्यूट्रीशन देकर हेल्दी बनाते हैं।



-सहेली फीचर्स

## जब मन हो इरिटेट

बिहेवियर / रेखा शाह आरबी

हम अकसर ही बात-बात पर झुंझलाते हैं, इरिटेट होकर टेंशन में आ जाते हैं। हमें समझ में ही नहीं आता कि यह हो क्यों रहा है? ऐसी मन:स्थिति में लंबे समय तक रहना हमारी मेंटल हेल्थ के लिए सही नहीं है। इससे हम कैसे बचें, एक बहुत ही जरूरी सलाह।

नितिन सुबह से ही देख रहा था, पत्नी साक्षी का मूड उखड़ा-उखड़ा है। बार-बार उसे मूड स्विंग हो रहे हैं। कुछ भी पूछने पर अजीब-सा जवाब मिलता। ऐसा भी नहीं था पति-पत्नी के बीच कोई झगड़ा हुआ हो। नितिन समझ नहीं पा रहा था कि साक्षी क्यों ऐसा व्यवहार कर रही है? उधर साक्षी को ना कुछ करना अच्छा लग रहा था, ना ही किसी से बात कर रही थी। नितिन एक समझदार पति है, वह जान रहा था कि साक्षी का यह नॉर्मल बिहेवियर नहीं है। अगर उसके बिहेवियर में परिवर्तन है तो जरूर कोई बात है, जिससे वह इरिटेट हो रही है। अगर नितिन की जगह पर कोई दूसरा होता तो घर में कलह होना तय था। साक्षी का इरिटेट होना, कोई बहुत असामान्य बात नहीं है। ऐसा हम सभी के साथ कभी ना कभी होता है। ऐसा प्रायः कभी मौसम बदलने के कारण, कभी प्रेग्नेंसी के दौरान या कुछ मनमुताबिक ना हो पाने या फिर कभी थकी-हारी हुई अवस्था के कारण होता है। स्वयं को समझ में नहीं आता है कि आखिर मन क्यों इतना खिन्न है? जब ऐसा मूड हो जाता है तो मन परेशान हो जाता है, इंसान तनाव में आ जाता है। ऐसी स्थिति में कुछ कारगर उपाय अपनाकर इरिटेशन, तनाव से मुक्त हुआ जा सकता है-



**फेवरेट पर्सन से करें बातें:** हम सभी की जिंदगी में कोई ऐसा दोस्त या परिवार में कोई एक ऐसा सदस्य जरूर होता है, जिससे हम पूरे भरोसे के साथ अपने दिल की बातें साझा कर सकते हैं। इससे मन हल्का हो जाता है। अगर कभी मन में चिंता, दुविधा, चिड़चिड़ाहट और नकारात्मकता भर रही हो तो अपने फेवरेट पर्सन से दिल की बातें साझा करें, अपनी समस्या दिल खोलकर बताएं। इससे ना केवल मन हल्का होगा। आपको सही सलाह मिलेगी। आप देखेंगे कि आपकी इरिटेशन और तनाव भी काफी हद तक कम हो रहा है।

**मोटिवेशनल बुक्स पढ़ें:** अच्छी बुक्स पढ़ना अच्छी आदत है। जब मूड अपसेट हो तो मोटिवेशनल बुक्स मन को शांत करने में मददगार हैं। अपनी पर्सनल लाइब्रेरी में कुछ अच्छी मोटिवेशनल किताबें जरूर रखें। जब दिमाग किसी उलझन में हो तो इन किताबों को पढ़ें, इससे आप रिलैक्स महसूस करेंगी।



**पार्क में घूमें:** जब भी कभी आप इरिटेशन और तनाव महसूस करें तो पार्क में घूमने निकल जाएं। मानसिक स्वास्थ्य के लिए यह बहुत अच्छा रहेगा। हरे-भरे पेड़-पौधों के बीच में टहलना, नेचर को महसूस करना, चिड़ियों की चहचहाहट को सुनना थैरेपी का काम करता है। यह काफी फायदेमंद होता है, इससे मन एकदम से तरोताजा हो जाता है।

इनके अलावा और भी बहुत उपाय हैं, जिनकी मदद से मन की उद्विग्नता, इरिटेशन और तनाव को खत्म कर सकती हैं। जैसे कोई कॉमेडी मूवी/शो देखना, बच्चों के साथ खेलना, शॉपिंग करना, म्यूजियम घूमने जाना, योगा करना या फिर पेंटिंग, सिंगिंग जैसे क्रिएटिव काम। इससे मन को सुकून मिलेगा, इरिटेशन और तनाव दूर होगा।

#### कब लें डॉक्टर से सलाह

**कभी-कभार** इरिटेशन और तनाव महसूस करना, सामान्य-सी बात होती है। लेकिन अगर असामान्य रूप से लगातार कोई तनावग्रस्त है। उसका मूड हमेशा खराब रहता है, वह परेशान रहता है, उसे घबराहट और निराशा महसूस होती है तो तुरंत मनोचिकित्सक से सलाह लेनी चाहिए। ऐसा इसलिए क्योंकि जब लगातार यह लक्षण दिखाई दे रहे हैं तो डॉक्टर ही सही रूप से जांच कर, उसकी इरिटेशन किन मानसिक स्थितियों या शारीरिक कारणों से है, बता सकते हैं। ऐसे में देर ना करें और डॉक्टर से संपर्क करें।

## अपनों को देकर अहमियत जिंदगी बनाएं आसान

लाइफस्टाइल / विनीता

आपके आस-पास जो भी लोग हैं, उनसे अपनेपन से जुड़ना जरूरी है। इससे आप जिंदगी में कभी भी खुद को अकेला नहीं महसूस करेंगी। हर मुश्किल का सामना आसानी से करेंगी। अपनों से आप कैसे जुड़ी रहें, जानिए।



हम बिना समाज के अपनी कल्पना नहीं कर सकते। ऐसे ही नहीं कहा गया है 'मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है।' हमारा परिवार, हमारे नाते-रिश्तेदार और मित्र, यहां तक कि आस-पड़ोस के लोग भी हमारा बहुत बड़ा संबल होते हैं। कठिन परिस्थितियों में इनकी सलाहें हमें सही राह दिखाती हैं। हम मुश्किलों से उबरते हैं। इनका साथ हमारे लिए बहुत जरूरी है। ऐसे में कोई यह बोले, 'मुझे किसी की सलाह की जरूरत नहीं। मैं अपनी मर्जी की मालिक हूं। मुझे जो ठीक लगेगा वही करूंगी।' ऐसी सोच ठीक नहीं है। यह सोच आपको अहंकारी बनाती है। आप अपनों से दूर होकर, अपने जीवन में बहुत अकेली पड़ जाएंगी। इसलिए अपना व्यवहार कभी ऐसा ना रखें कि लोग आपको अहंकारी समझें। इस बात का ध्यान रखें, कहीं अनजाने में आप भी किसी ऐसी आदत की तो शिकार नहीं हो रही हैं, जो आपको अपनों से दूर कर दे। अगर आपको ऐसा लगता है, तो आज से ही अपने व्यवहार में बदलाव लाएं। अपने आस-पास के लोगों से जुड़ें, उनसे मिठास भरा रिश्ता बनाएं। इसके लिए आप कुछ बातों को अमल में लाएं-

**अपनों से लें सलाह:** आपको कोई ऐसा निर्णय लेना है, जो पूरे परिवार से जुड़ा है तो उसके बारे में परिवार के सभी सदस्यों को जरूर बताएं, उनकी राय लें। पति और घर के बुजुर्गों से तो राय लें ही, अगर आपके बच्चे टीनएजर हैं, तो उनसे भी सलाह लें। उनकी भी राय जानना भी आपके लिए जरूरी है। कई बार आप अकेले किसी समस्या का समाधान नहीं ढूंढ पातीं, ऐसे में जब आप आस-पास के लोगों से उस समस्या के बारे में बातचीत करेंगी, आपके लिए उसका समाधान ढूंढना आसान हो जाएगा। अगर आप वर्किंग हैं तो ऑफिस में जिनके साथ लंबे समय से काम कर रही हैं, आपके सीनियर हैं, किसी काम को शुरू करने से पहले इनसे विचार-विमर्श करें। वे अपने अनुभव के आधार पर आपको ऐसी सलाह दे सकते हैं, जो आपके करियर की सक्सेस के लिए जरूरी है।

**रिश्ते में आती है मजबूती:** जब आप अपनों से सलाह- मशविरा कर उन्हें अच्छा महसूस कराती हैं, तो इससे आपके आपसी संबंधों में मजबूती आती है। दूसरा व्यक्ति भी जरूरत होने पर खुलकर आपके साथ अपनी भावनाओं की साझेदारी करेगा। यकीन मानिए, इस तरह के इमोशनल सपोर्ट जिंदगी के लिए बहुत जरूरी होते हैं।

**अपनों को कराएं स्पेशल फील:** अपने प्रेममय व्यवहार से आप समय-समय पर अपनों को खास होने का अहसास दिलाती रहें। उदाहरण के लिए घर पर परिवार के सदस्यों से पूछें कि आज लंच या डिनर में क्या खाना पसंद करेंगे? उनकी पसंद के अनुकूल कोई डिश तैयार करें, इससे उन्हें अच्छा लगेगा। किसी वीकएंड पर आप उनके साथ उनकी किसी मनपसंद जगह घूमने जाएं, उनकी पसंद की मूवी भी उन्हें दिखा सकती हैं। इस तरह का आपका व्यवहार परिवार के सदस्यों का दिल जीतेगा।

**करें भावनाओं का सम्मान:** हो सकता है कि अपनों के लिए कुछ खास करने में आपको अतिरिक्त मेहनत करनी पड़े फिर भी उनकी भावनाओं का सम्मान करें। उनके अच्छे प्रयासों की सराहना करें। इससे उन्हें अच्छा महसूस होगा। वे भी आपकी भावनाओं का खयाल रखेंगे। इस तरह आप जब अपनों को अहमियत देंगी, उनका खयाल रखेंगी तो आपके रिश्ते हमेशा अपनेपन और प्रेम से भरे रहेंगे। आपकी जिंदगी बहुत आसान हो जाएगी।

## खबर संक्षेप

### हेरोइन सहित एक गिरफ्तार

**डबवाली।** गांव चौटाला से पुलिस ने एक युवक को 5 ग्राम 59 मिलीग्राम हेरोइन के साथ गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपी की पहचान संजय कुमार पुत्र औम प्रकाश निवासी चौटाला के रुप में हुई है। विस्तृत जानकारी देते हुए प्रभारी सहायक सब इंस्पेक्टर जयवीर ने बताया कि वह गश्त पर थे इसी दौरान एक युवक के पास में कोई नशीला पदार्थ होने के शक में साथी कर्मचारियों की सहायता से काबू करके उसकी तालाशी ली तो उसके कब्जे से हैरोइन बरामद हुई।

### अस्पताल के बाहर से मोटरसाइकिल चोरी

**सिरसा।** डेरा अस्पताल में गए एक व्यक्ति की अस्पताल के बाहर से मोटरसाइकिल चोरी हो गई। पुलिस को दी शिकायत में चतरगढ़पट्टी निवासी सुखदेव सिंह ने बताया कि बीती 7 जुलाई की शाम को वह डेरा अस्पताल में काम से गया था। अस्पताल के बाहर बाइक खड़ी कर वह अंदर चला गया। वापस लौटो मोटरसाइकिल गायब मिली।

### दिव्यांग व्यक्तियों के लगाए जाएंगे जांच शिविर

**सिरसा।** जिला रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा एलिम्को के सहयोग से जिला के प्रत्येक खंड में दिव्यांग व्यक्तियों की सहायतार्थ दिव्यांग जांच शिविर आयोजित किए जाएंगे। इन शिविरों में उन दिव्यांग व वरिष्ठ नागरिकों की पहचान की जाएगी जिन्हें मोटोराइड तिपहिया साइकिल, व्हील चेयर, श्रवण यंत्र, तिपहिया साइकिल, कृत्रिम अंग, बैसाखी, छड़ी आदि की आवश्यकता होगी तथा बाद में पुनः शिविर लगाकर इन कृत्रिम अंगों व सहायक उपकरणों का वितरण किया जाएगा।

### 12 जुलाई से होगा राम कथा का आयोजन

**डबवाली।** उपमंडल के गांव सक्ताखेड़ा में 12 से 18 जुलाई तक राम कथा एवं दुर्लभ सत्संग का भव्य आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए बिश्नोई सभा डबवाली के सचिव इंद्रजीत बिश्नोई ने बताया कि यह आयोजन गांव सकताखेड़ा के श्री गुरु जंभेश्वर मंदिर के नजदीक पंचायती जगह पर होगा।

### जिला ऑब्जर्वर संगीता गर्ग पहुंची सिरसा

**सिरसा।** महिला कांग्रेस की सिरसा जिला ऑब्जर्वर संगीता गर्ग सोमवार को सिरसा पहुंची और स्थानीय कांग्रेस भवन में महिला कार्यकर्ताओं से रूबरू हुई। महिला कांग्रेस पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए जिला ऑब्जर्वर संगीता गर्ग ने कहा कि ऑल इंडिया महिला कांग्रेस अध्यक्ष अल्का लांबा के निर्देशानुसार वे सिरसा पहुंची हैं।

### व्यापारी हित में काम कर रही सरकारः अग्रवाल

**सिरसा।** भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय चैयरमेन बालकिशन अग्रवाल ने सभी ट्रेड यूनियन के प्रतिनिधियों की सिरसा क्लब में बैठक ली। भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के हरियाणा के उपाध्यक्ष गंगाराम गुप्ता ने अनाजमंडी में काफी दिनों से लंबित पड़ी मांगों संबंधी ज्ञापन बालकिशन अग्रवाल को दिया गया। इस मौके पर हरियाणा में 50 हजार से बढ़ाकर ई बिल पर 1 लाख की छूट का ज्ञापन क्लॉथ एसोसिएशन ने सौंपा।

### भाजपा ने हमेशा निर्मम व्यवहार किया: सिवाच

**फतेहाबाद।** आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी के तहत 12 जुलाई को पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व में होने वाले फतेहाबाद जिला के कार्यकर्ता सम्मेलन के लिए वरिष्ठ कांग्रेसी नेता डॉ. वीरेंद्र सिंह सिवाच ने ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा किया। इस दौरान गांव ढिंगसरा में डॉ. सिवाच ने खिलाड़ियों के लिए लाइट लगवाई। इसके अलावा फुटबॉल खेल के मैदान में पानी की कमी थी, जिसके कारण मैदान खराब हो रहा था। इसके लिए ग्रामवासियों की मांग पर डॉ वीरेंद्र सिंह सिवाच ने सबमर्सिबल ट्यूबवेल लगवाने का शुभारंभ नारियल फोड़ कर किया।

---

### सभी राजनीतिक दलों के नेताओं से की सहयोग करने की अपील

# डबवाली को जिला बनाने की मुहिम को आगे बढ़ाने के लिए एकजुट हुईं संस्थाएं

**मुहिम संचालन के लिए शीघ्र ही एक कोर कमेटी का गठन किया जाएगा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डबवाली



सिरसा। डबवाली को जिला बनाने के मुद्दे पर बैठक में भाग लेते प्रतिनिधि।

डबवाली को जिला बनाने की मुहिम को जोर शोर से आगे बढाने के लिए शहर की विभिन्न सामाजिक, राजनीतिक व धार्मिक संस्थाएं एकजुट हो गई हैं। रविवार शाम को वरच्युस भवन में आयोजित बैठक में पहुंचे संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने डबवाली को जिला बनाने की मांग को बुलंद किया एवं मिलकर जोरदार मुहिम चलाने का निर्णय लेकर सभी ने अपने-अपने सुझाव दिए।

इस मौके पर भारत विकास परिषद के प्रांतीय पदाधिकारी सतपाल जग्गा ने कहा कि डबवाली को जिला बनाने की मुहिम को शहर की सभी संस्थाएं एकजुटता के साथ सरकार के समक्ष उठाएंगी। उन्होंने कहा कि मुहिम संचालन के लिए शीघ्र ही एक कोर कमेटी का गठन किया जाएगा जोकि मुहिम को आगे बढ़ाने की रूपरेखा तैयार करेगी। इसके तहत सभी राजनीतिक दलों के नेताओं को ज्ञापन देकर उनसे इस मुहिम में सहयोग करने की अपील की जाएगी। इसके अलावा सरकार द्वारा गठित कमेटी के सदस्यों व सीएम नायब सैनी से भी मिलकर डबवाली को जिला बनाने की मांग पुरजोर तरीके से उठाई जाएगी। नरेश सेठी व प्रधान राजेश जैन काला ने कहा कि डबवाली को जिला बनाने की मुहिम के लिए सभी संस्थाओं का एकजुट होना सार्थक पहल है। यदि इलाका वासी सकारात्मक तरीके से आवाज उठाएंगे तो डबवाली को जिला बनाने की आवाज निश्चित तौर पर चंडीगढ़ तक गूंजेगी और सरकार डबवाली को जिला बनाने के लिए मजबूर हो जाएगी। इस मौके पर युवा रक्तदान सोसायटी के संस्थापक सुरेंद्र सिंगला ने कहा कि डबवाली को जिला बनाने के लिए शुरु किए गए इस अभियान में हर शहरवासी को सहयोग करना चाहिए। प्रसिद्ध रंग कर्मी संजीव शाद ने कहा कि सभी राजनीतिक दलों के नुमाइंदों को पूर्ण सहयोग करते हुए मुहिम को सफल बनाने के लिए पैरवी करनी चाहिए क्योंकि सर्वे कमेटी में डबवाली का नाम आने व पुलिस जिला बनाने से सरकार का डबवाली को पूर्ण जिला बनाने के ओर सकारात्मक रवैया दिखाई दे रहा है।

#### सोशल मीडिया पर मुहिम तेज की जाए : वेद

वेद भारती ने कहा कि डबवाली को जिला बनाने के लिए सोशल मीडिया पर मुहिम तेज की जाए व बाजारों में प्रदर्शन कर एकजुटता दिखाई जाए ताकि सरकार पर दबाव बने। वरिष्ठ नागरिक संघ के सचिव शशि कांत शर्मा ने कहा कि सभी को श्रेय लेने की राजनीति से ऊपर उठाकर डबवाली को जिला बनाने के सार्थक प्रयास करने चाहिए। एक उम्मीद संस्था के संयोजक विजयंत शर्मा ने कहा कि डबवाली को जिला बनाने के समर्थन में पंचायतों से प्रस्ताव डलवाने चाहिए। बाबा नानक दी हट्टी की सुखविंद्र सिंह ने कहा कि यदि हम सब एकजुटता से सार्थक मुहिम चलाएंगे तो डबवाली जिला जरुर बनेगा। वरच्युस क्लब की ओर से सचिव नरेश शर्मा, सोनू बजाज, लायंस क्लब आस्था के प्रधान प्रवीण गर्ग, चंद्रमोहन जग्गा, लायंस क्लब सुप्रीम के प्रधान इंद्रजीत गर्ग, गुरविंद्र सिंह, विपिन, संजय, उग्रसेन गर्ग, एसएस जो?। व बैठक में पहुंचे अन्य प्रतिनिधियों ने भी डबवाली को जिला बने की मुहिम को पूर्ण समर्थन व सहयोग देने का विश्वास दिलाया। आगामी रणनीति तय करने के लिए जल्द ही अगली बैठक बुलाई जाएगी।

---

# हरियाणा की राज्यसभा सीट पर अरोड़ा खत्री पंजाबी का हक : साहिब दयाल



फतेहाबाद। साहिबदयाल वधवा, विनोद अरोड़ा, धर्मपाल चावला।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

ऑल इंडिया अरोड़ा खत्री पंजाबी कम्युनिटी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष साहिबदयाल वधवा, प्रदेश प्रवक्ता विनोद अरोड़ा एवं फतेहाबाद जिला के महासचिव धर्मपाल चावला ने मांग की है कि हरियाणा से राज्यसभा की खाली हुई सीट अरोड़ा खत्री पंजाबी को दी जाए। इस सीट पर समाज का पहला हक है। आज यहां संयुक्त बयान जारी कर उन्होंने कहा कि एक नवम्बर 1966 को हरियाणा बनने के बाद हरियाणा के विभिन्न अरोड़ा खत्री पंजाबी संगठनों ने राजनीतिक भागीदारी के लिए लगातार अपनी आवाज बुलंद की जिसके कारण हरियाणा बनने के 36 वर्षों के बाद पहली बार हरियाणा में अरोड़ा खत्री पंजाबी सुमित्रा महाजन को राज्यसभा सदस्य बनाया गया। केंद्र व हरियाणा में भाजपा की सरकार होने तथा सबका साथ सबका विकास का नारा देने वाली पार्टी ने हरियाणा की दूसरी सबसे बड़ी जनसंख्या अरोड़ा खत्री पंजाबी को अपने हक से महरूम रखने का कार्य किया, जिसका खामियाजा भाजपा को 2019 के विस चुनाव में समाज के अपेक्षित वोट न मिलने के कारण बहुमत के आंकड़ें से बहुत पीछे रह कर चुकाना पड़ा। इसके बावजूद भी भाजपा को समझ नहीं आया तो समाज ने एक बार फिर से 2024 के लोकसभा चुनावों में भाजपा के हरियाणा के संसद सदस्यों की संख्या 10 से घटाकर 5 कर दी।

### पुलिस ने गोरक्षा दल के सदस्यों की मदद से गोमांस लेकर आ रहे युवकों को पकड़ा

**सिरसा।** गौमांस के शक में मोटरसाइकिल पर मांस लेकर आ रहे युवकों को गौरक्षा दल के सदस्यों ने गांव बरूवाली द्वितीय की नहर पर पकड़ लिया और पुलिस को सूचना दी। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पुलिस को दी शिकायत में गांव माधोसिंघाना निवासी सुरेंद्र पूनियां ने बताया कि बीती 7 जुलाई की दोपहर को उन्हें सूचना मिली कि कुछ युवक थैलियों में भरकर मांस लेकर आ रहे हैं। सूचना पाकर गौरक्षा दल के सदस्य फेफाना से बरुवाली द्वितीय के निकट नहर पर पहुंचे और बाइक सवार युवकों को रोक लिया। उन्होंने पुलिस को भी इस संबंध में सूचित कर दिया। पुलिस व गौरक्षा दल के सदस्यों को सामने देखकर बाइक सवार खेतों की ओर भागने लगे, लेकिन टीम सदस्यों ने पीछा कर उन्हें काबू कर लिया।

---

# जलभराव को लेकर जाहिर किया रोष

- बरसाती पानी की निकासी के लिए गंभीरता से प्रयास करने चाहिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा



सिरसा। बरसाती पानी से हुए जलभराव में प्रदर्शन करते हुए।

शहर में हुई बरसात के बाद शहर के विभिन्न हिस्सों में हुए जलभराव को लेकर बीते रविवार युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव कपिल सरावगी के नेतृत्व में भाजपा शासन व नगरपरिषद प्रशासन के खिलाफ बरसाती पानी में खड़े होकर रोष जाहिर किया। सूरतगढ़िया चौक पर जलभराव के बीच युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव कपिल सरावगी ने कहा कि सिरसा के विधायक गोपाल कांडा और नगरपरिषद प्रशासन सदैव यही बयानबाजी करते हैं कि राज्य सरकार सिरसा के विकास के लिए लगातार करोड़ों रुपए की ग्रांट दे रही है, मगर जरा सी बरसात होते ही शहर में जिस प्रकार की गंभीर स्थिति पैदा हो जाती है, उससे कहा जा सकता है कि करोड़ों की ग्रांट का दावा केवल जुमला ही है। उन्होंने कहा कि बरसाती सीजन में बरसात का पानी पाइपों में जाकर आमजन के घरों में पेयजल के रूप में आने लगता है जिससे बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। कपिल सरावगी ने कहा कि सत्तापक्ष से जुड़े स्थानीय नेताओं को अब अखबारी बयानबाजी से हटकर शहर में बरसाती पानी की निकासी के लिए गंभीरता से प्रयास करने चाहिएं ताकि शहरवासियों को राहत मिल सके। रोष जाहिर करने वालों में कपिल सरावगी के अलावा अशोक चिंडालिया, गुरलाल संखों, कमल कांटीवाल, शिवम गर्ग, सचिन शर्मा, धुरव शर्मा, राजन सोनी, अरमान ग्रोवर आदि मौजूद रहे।

### कार्यकर्ता धन्यवाद सम्मेलन 26 को

**सिरसा।** हिसार रोड स्थित पर्ल रिसोर्ट में आगामी 26 जुलाई को सुबह 11 बजे कांग्रेस के जिला स्तरीय कार्यकर्ता धन्यवाद सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। इस सम्मेलन के मुख्य वक्ता नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा होंगे, जबकि अध्यक्षता हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष उदयभान करेंगे। वहीं विशिष्ट अतिथि युवा सांसद चौधरी दीपेंद्र सिंह हुड्डा शामिल होंगे। इसके अलावा पार्टी के सांसद, विधायक, एवं प्रांतीय व जिला स्तरीय नेता सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। वरिष्ठ कांग्रेस नेता डॉ. केवी सिंह ने बताया कि इस सम्मेलन में सिरसा लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस उम्मीदवार को भारी मतों से जीताने के लिए कांग्रेस कार्यकर्ताओं का धन्यवाद व आभार प्रकट किया जाएगा।

# सुखविन्द्र मांडी का किया स्वागत

- सरकार ने किसानों के हितों को लेकर योजनाएं चलाई : मांडी
- भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष भीम लाम्बा ने स्वागत किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



फतेहाबाद। भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष सुखविन्द्र मांडी का स्वागत करते जिलाध्यक्ष भीम लाम्बा।

भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक सुखविन्द्र मांडी ने कहा कि केन्द्र व प्रदेश सरकार ने किसानों के हितों को लेकर अनेक योजनाएं चलाई है। किसानों को जहां उनकी फसलों के पूरे दाम देकर सरकारी खरीद सुनिश्चित की जा रही है वहीं सम्मान निधि के साथ किसानों का मान-सम्मान किया जा रहा है। वे सोमवार को फतेहाबाद में जिला कार्यकारिणी की बैठक को संबोधित कर रहे थे। फतेहाबाद पहुंचने पर भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष भीम लाम्बा ने उनका स्वागत किया। इस दौरान प्रदेशाध्यक्ष सुखविन्द्र मांडी ने जिलाध्यक्ष भीम लाम्बा के साथ आगामी विधानसभा चुनावों को लेकर विस्तार से चर्चा की और जोर-शोर से चुनावों की तैयारियों में जुटने की बात कही। भीम लाम्बा ने पूर्व विधायक का स्वागत करते हुए कहा कि विधानसभा चुनावों को लेकर भाजपा किसान मोर्चा का एक-एक कार्यकर्ता जी-जान से तैयारियों में जुटा है।

---




सिरसा। विजेता गुरजाप सिंह ट्रॉफी के साथ।

### गुरजाप सिंह ने 5वीं बार जीता मिस्टर इंडिया पावर लिफ्टिंग का खिताब

**सिरसा।** दिल्ली में बीती 7 जुलाई को आयोजित मिस्टर इंडिया पावर लिफ्टिंग में सिरसा के होनहार गुरजाप सिंह ने रिकॉर्ड कायम करते हुए लगातार 5वीं बार मिस्टर इंडिया का खिताब अपने नाम कर अभिभावकों, जिले व प्रदेश का नाम रोशन किया है। गुरजाप सिंह के परिजन व पूर्व एमसी जसविंद्र पाल पिंकी ने गुरजाप सिंह की सफलता पर उसे बधाई देते हुए बताया कि वह पिछले काफी समय से उनके पास रहकर ही प्रशिक्षण ले रहा है। वह बहुत मेहनती है और पावर लिफ्टिंग के प्रति पूरी तरह से समर्पित है। वहीं गुरजाप सिंह ने अपनी सफलता का श्रेय अपने जिम ट्रेनर रवि परोचा को दिया। ट्रेनर रवि परोचा ने गुरजाप सिंह की सफलता पर बधाई दी।

# हरियाणा बेरोजगारी में नम्बर वन : दौलतपुरिया

- युवा कांग्रेसी नेता अभिमन्यु दौलतपुरिया ने सभी का अभिवादन स्वीकार किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



फतेहाबाद। गांव खजूरी जाटी में युवाओं से मिलते कांग्रेस नेता अभिमन्यु दौलतपुरिया।

पूर्व विधायक बलवान सिंह दौलतपुरिया के भतीजे एवं युवा कांग्रेसी नेता अभिमन्यु दौलतपुरिया का गांव खजूरी जाटी में युवाओं ने जोरदार स्वागत किया। मोनू सूरा के घर आयोजित जलपान कार्यक्रम में पहुंचे युवा कांग्रेसी नेता अभिमन्यु दौलतपुरिया ने सभी का अभिवादन स्वीकार किया। अभिमन्यु दौलतपुरिया ने कहा कि आज भाजपा सरकार के राज में सबसे ज्यादा परेशान युवा वर्ग है। इस भाजपा सरकार ने युवाओं का हर क्षेत्र में शोषण किया है। शिक्षा का स्तर गिराकर युवाओं को भटकने के लिए मजबूर किया है। कॉलेजों व युनिवर्सिटी में बच्चों को दाखिले आसानी से नहीं मिल पाते क्योंकि सीटे नाम मात्र ही होती है, जिससे युवा शिक्षित ना हो सके और ना ही नौकरी के लिए सरकार से मांग कर सके। सरकार को कॉलेजों व विश्वविद्यालयों में सीटें बढ़ानी चाहिए। इसके अलावा आज युवा नौकरियों में भ्रष्टाचार, पेपर लीक जैसी समस्याओं से आहत हो रहा है। नौकरियां निकलने से पहले ही सरकार के नेताओं, मंत्रियों व विधायकों के पास सूटकेस पहुंचने लग जाते हैं। कुछ नौकरियों में पेपर देकर घर पहुंचने से पहले ही युवाओ को पेपर लीक होने की खबर मिल जाती है, जिससे युवाओं का मनोबल टूट जाता है साथ ही माता पिता की मेहनत पर भी पानी फिर जाता है। बच्चे कड़े मेहनत करके कोचिंग लेते हैं और हजारों लाखों रुपये लगाकर शिक्षा प्राप्त करते हैं और नौकरियों में जालसाजी का शिकार होकर रह जाते हैं। अभिमन्यु दौलतपुरिया ने कहा कि आज भाजपा राज में हरियाणा बेरोजगारी में पूरे देश में नम्बर वन है।



फतेहाबाद। 'एक पौधा मां के नाम' कार्यक्रम की शुरूआत करते नेहा मित्तल।

### नेहा मित्तल ने की 'एक पौधा मां के नाम' कार्यक्रम की शुरूआत

**फतेहाबाद।** भाजपा महिला मोर्चा की जिला प्रधान नेहा मित्तल ने आज 'एक पौधा मां के नाम' पौधारोपण कार्यक्रम की शुरूआत की। इसके तहत उन्होंने आज वार्ड नंबर 23 की रानी लक्ष्मी बाई पार्क में पौधरोपण किया। नेहा मित्तल ने कहा कि यह पौधरोपण अभियान मां का सम्मान देने के लिए है। उन्होंने कहा कि माँ का ओहदा पूरे संसार में सबसे बड़ा और पूजनीय होता है। उन्होंने कहा कि देवताओं ने भी माँ को भगवान का दर्जा दिया है। इस मौके पर उनके साथ पिंकी सिंगला, गुरमाला, ज्योति, सुनीता व अनीता आदि मौजूद थे।

---



सिरसा। विद्यार्थियों को ज्वाइनिंग लेटर वितरित करते हुए जीआई अमनदीप।

### आईटीआई नाथूसरी चौपटा के 75 विद्यार्थियों का विभिन्न निजी कंपनियों में चयन

**चोपटा।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान नाथूसरी चौपटा के 75 विद्यार्थियों का चयन विभिन्न निजी कंपनियों में अप्रेंटिस व ऑन जॉब ट्रेनिंग के लिए हुआ है। सोमवार को विद्यार्थियों को 'वाइनिंग लैटर वितरित किए गए। यह जानकारी देते हुए जूनियर अप्रेंटिस एंड प्लेसमेंट ऑफिसर अमनदीप ने बताया कि दिनांक 4 जुलाई को संस्थान में कैंपस इंटरव्यू का आयोजन किया गया था। जिसमें प्रणव विकास इंडिया प्राइवेट लिमिटेड पलवल, साता विकास इंडिया प्राइवेट लिमिटेड पलवल, महले इंडिया लिमिटेड ग्रेटर नोएडा, जय भारत मारुति गुरुग्राम, मुंजाल शोवा लिमिटेड गुरुग्राम कंपनियों के तरफ से विद्यार्थियों के लिए कैम्पस इंटरव्यू का आयोजन किया गया था जिसमें विभिन्न ट्रेड के विद्यार्थियों द्वारा भाग लिया गया था। सोमवार को विभिन्न निजी कंपनियों में अप्रेंटिस व ऑन जॉब ट्रेनिंग के चयनित हुए विद्यार्थियों को ज्वाइनिंग लेटर वितरित किए गए। उन्होंने बताया कि अप्रेंटिस व ऑन जॉब ट्रेनिंग के दौरान विद्यार्थियों को 16 हजार रुपए तक का स्टाईफंड मिलेगा।

### नगर पालिका कर्मचारी संघ फतेहाबाद की बैठक आयोजित

# एप से हाजिरी का विरोध, 12 को करेंगे प्रदर्शन

- मीटिंग का संचालन जिला सचिव विजय ढाका ने किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



फतेहाबाद। बैठक में आंदोलन को लेकर चर्चा करते नगरपालिका कर्मचारी संघ के पदाधिकारी।

नगर पालिका कर्मचारी संघ फतेहाबाद की मीटिंग इकाई प्रधान नरेश राणा की अध्यक्षता में हुई। मीटिंग का संचालन जिला सचिव विजय ढाका ने किया। बैठक में विशेष तौर पर सर्व कर्मचारी संघ के जिला प्रधान भूप सिंह भड़ोलांवाली, कर्मचारी नेता ओमप्रकाश लोट ने भाग लिया। बैठक में 18 जुलाई को सर्व कर्मचारी संघ के आह्वान पर डीसी कार्यालय पर किए जाने वाले प्रदर्शन में बढ़चढ़ कर भाग लेने का फैसला लिया गया। ओमप्रकाश लोट ने कहा कि मुख्यमंत्री ने सफाई कर्मचारियों के वेतन में नाममात्र वृद्धि करके इन कर्मचारियों के साथ भद्दा मजाक किया है। इकाई प्रधान नरेश राणा व जिला सचिव विजय ढाका ने बताया 20 सालों से ज्यादा समय से कार्य कर रहे कच्चे सफाई कर्मचारी को पक्का करना तो दूर, उसके विपरीत कार्य करते हुए ऐप से हाजिरी लगाने का सफाई कर्मचारी विरोधी फरमान जारी किया है, जिससे कर्मचारियों में भारी रोष है।

#### काले झंडे लेकर करेंगे विरोध

उन्होंने कहा कि 12 जुलाई को नगरपरिषद के सफाई कर्मचारी हाथों में काले झंडे व उलटा झाड़ू लेकर शहर के मुख्य बाजारों में प्रदर्शन करेंगे। सर्व कर्मचारी संघ के जिला प्रधान भूप सिंह भडोलावाली व नगर पालिका कर्मचारी संघ के कार्यकारी जिला प्रधान सत्यवान टांक ने बताया कौशल रोजगार निगम भंग करने, कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने, पुरानी पेंशन लागू करने, ठेका प्रथा बन्द करने, हरियाणा का अलग से वेतन आयोग गठन करने आदि मांगों को लेकर सर्व कर्मचारी संघ द्वारा 18 जुलाई को डीसी कार्यालय पर प्रदर्शन किया जाएगा। राज्य वरिष्ठ उप प्रधान रमेश तुषामड ने बताया कि अगर इससे बावजूद भी सरकार नहीं मानती तो 21 जुलाई नगर पालिका कर्मचारी संघ राज्य स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन कर बड़े अंदोलन की घोषणा करेगा।

## खबर संक्षेप

### आभूषण चोरी की गुत्थी सुलझी, आरोपी काबू



**रानियां।** पुलिस ने बीती 3 जुलाई की रात को रानियां के वार्ड नंबर 11 में स्थित एक घर से लाखों रुपए के सोने के जेवरात चुराने के आरोपी को दबोचा है। रानियां थाना प्रभारी दिनेश कुमार ने बताया कि पकड़े गए आरोपी की पहचान रवि सिंह पुत्र गुरनाम सिंह निवासी वार्ड नंबर 13 रानियां जिला सिरसा के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में सुरजीत सिंह निवासी वार्ड नंबर 11 की शिकायत पर थाना रानियां में चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरु की गई थी।

### संस्था ने 110 जरूरतमंदों को वितरित किया राशन

**सिरसा।** जनकल्याण न्यास संस्था ने पूर्व नगर पार्षद ओम बहल के नेतृत्व में राशन वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें मुख्यातिथि लायन डॉ. एसपी चोपड़ा ने शिरकत की। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि समाजसेवी स. दलीप सिंह थिंद थे। इस मौके पर मुख्यातिथि डॉ. एसपी चोपड़ा ने न्यास द्वारा किए जा रहे समाजसेवी कायार्ें की मुक्तकंठ से प्रशंसा की । इस अवसर पर अतिथियों ने 110 जरूरतमंदों को राशन वितरित किया। इसके अलावा एक विद्यार्थीको 2 हजार रुपए का आर्थिक सहयोग भी दिया गया। कार्यक्रम में रमेश कथूरिया, सुभाष बंसल, सेवानिवृत्त बिजली बोर्ड के जेई महेश सिंगला, सेवानिवृत्त राजू शर्मा व अन्य मौजूद रहे।

### कबाड़ की दुकान से हजारों का सामान चोरी

**फतेहाबाद।** चोरों ने रतिया में एक ओर कबाड़ की दुकान को निशाना बनाते हुए ताला तोड़कर वहां से हजारों का सामान चोरी कर लिया। इस बारे दुकानदार ने पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई है। पुलिस को दी शिकायत में टिब्बा कालोनी रतिया निवासी अर्जुन देव ने कहा है कि उसकी भूना कैंचियां के पास कबाड़ की दुकान है। गत दिवस शाम को वह दुकान को सही ताला लगाकर घर आ गया था। अगले दिन सुबह जब वह दुकान पर गया तो उसने देखा कि उसकी दुकान के ताले टूटे पड़े थे। जब उसने सामान की जांच की तो पता चला कि अज्ञात चोर उसकी दुकान से 40 किलो तांबा, 35 किलो बैटरी, गैस सिलैण्डर व अन्य सामान चोरी हो गया।

### वातानुकूलित इकाइयों को आवेदन आमंत्रित

**फतेहाबाद।** उद्यान विभाग, हरियाणा ने प्रदेश में वातानुकूलित इकाइयों को स्थापित करने के लिए किसानों को एक सुनहरा अवसर प्रदान करने का निर्णय लिया है। डीसी राहुल नरवाल ने बताया कि इसी के अनुरूप कोल्ड स्टोरेज, ग्रेडिंग पैकिंग इकाई, फल पकाने वाला चेंबर, नियंत्रित वातावरण चेंबर, सोलर रुफ टॉप, वातानुकूलित वैन मदों के तहत 35 प्रतिशत अनुदान हेतू आवेदन आमंत्रित किए हैं। उन्होंने बताया कि उद्यान विभाग द्वारा इकाइयों पर कृषि अवसंरचना कोष के अंतर्गत ब्याज दर पर छूट, इकाइयों पर दो करोड़ रुपये तक कोलैटरल सिक्योरिटी की सुविधा का प्रावधान किया गया है। य

### दूसरा बच्चा लड़का होने पर मिलेंगे पांच हजार

**फतेहाबाद।** प्रदेश सरकार द्वारा शुरू की गई मुख्यमंत्री मातृत्व सहायता योजना के तहत अब कामगार महिलाओं को दूसरा बच्चा लड़का होने पर भी पांच हजार रुपये की राशि दी जाएगी। यह राशि गर्भावस्था के दौरान हुए कामगार महिलाओं की मजदूरी के नुकसान की भरपाई व स्तनपान कराने वाली महिलाओं में पोषण सुनिश्चित करने के लिए प्रदान की जाती है। डीसी राहुल नरवाल ने बताया कि मुख्यमंत्री मातृत्व सहायता योजना के तहत पहला व दूसरा बच्चा लड़की होने पर ही सहायता राशि दी जाती थी, लेकिन सरकार द्वारा कामगार महिलाओं को मद्देनजर रखते हुए नियमों में बदलाव करते हुए अब दूसरा बच्चा लड़का होने पर पांच हजार रुपये मिलेंगे।

---

### जगह-जगह से सड़क धंसी, ग्रामीणों ने की कार्रवाई की मांग

# 37 करोड़ से डाली पाइपलाइन पहली बारिश भी नहीं झेल पाई

**खैरपुर निवासियों का एक प्रतिनिधिमंडल पहुंचा समाधान शिविर में, आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

अमृत योजना के तहत शहर के हिसार रोड साइड में बरसाती पानी की निकासी के लिए बिछाई गई पाइप लाइन पहली ही बारिश झेल नहीं पाई। राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-9 जगह-जगह से धंस गई। मानसून में पाइप लाइन के धंसने के साथ-साथ लोगों की निजी प्रोपर्टी को भी भारी नुकसान पहुंचने की आशंका बनी हुई।



**सिरसा।** पहली बरसात में हिसार रोड पर बना गहरा गड्ढा।

#### ये था मामला

बता दें कि अमृत योजना के तहत सिरसा शहर में बारिश के दिनों में होने वाले जलभराव से छुटकारा दिलाने के लिए करीब 37 करोड़ रुपये जारी किए थे। इस राशि से बस स्टैंड से लेकर सिकंदरपुर के पास रंगोई नाले तक पाइप लाइन डाली जानी है। यह योजना कई साल पहले आरंभ हुई थी, लेकिन अभी तक पूरी नहीं हुई है। पिछले साल बस स्टैंड से हिसार रोड पर हाइवे के किनारों पर खुदाई करके बड़ी पाइप लाइन डाली गई थी। चूंकि पाइप लाइन बड़ी है, लिहाजा 15-20 फीट तक जमीन में खुदाई की गई थी। प्रशासन ने पाइप लाइन डाल दी थी लेकिन लाइन डालते वक्त नियमानुसार गड्ढों को भरा नहीं गया। आनन-फानन में हाइवे के किनारों पर जहां खुदाई करते वक्त सड़क को तोड़ा गया था, उसे दोबारा से बना दिया गया।

अब मॉनसून की पहली बारिश के बाद ही जहां पाइप लाइन डाली गई थी, वहां से सड़क धंसने लगी है। बस स्टैंड से लेकर दिल्ली पुल तक कई स्थानों पर सड़क धंस गई है। महाराणा प्रताप चौक के पास व फ्रेंडस कॉलोनी के मुख्य गेट के आगे सड़क में गहरा गड्ढा बन गया है।

बीज विकास निगम के सामने भी सड़क धंसी हुई है। हिसार रोड स्थित खैरपुर कालोनी के 61 लोगों द्वारा हस्ताक्षरित पत्र के साथ एक प्रतिनिधिमंडल ने आज समाधान शिविर में फरियाद लगाई। स्थानीय निवासियों ने बताया कि अमृत योजना के तहत बिछायी गई पाईप लाइन की वजह से उनकी परेशानी बढ़ गई है।

उन्होंने बताया कि रविवार सुबह हुई बारिश के बाद पाईप लाइन के जोड़ रिसने लगे है और जगह-जगह से पाईप लाइन उफान मारने लगी। हिसार रोड जगह-जगह से धंस रही है। समाधान शिविर में सौंपी गई शिकायत में खैरपुर कालोनी निवासी संदीप कुमार, राहुल, वंदना, नीलम रानी, सुनीता, परवीन, मुकेश कक्कड़, रविंद्र, आशा, अनीता, शंकर शाह, गौरव, सौरव, सतीश, कश्मीर कौर, रमेश, आशारानी, इंद्रकुमार, रोहित, रजनीबाला, कर्ण, कुलदीप, संतोष, मुन्ना, चंदेश, सर्वजीत कौर, रिंकू, गुलजारी, प्यारेलाल, प्रेम, सीमा, बंसी, राजेश, सुशील सहित अन्य ने हस्ताक्षर कर जांच की मांग की है।

खैरपुर निवासियों द्वारा समाधान शिविर में सौंपी गई शिकायत पर उपायुक्त आरके सिंह ने जांच करवाकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई का आश्वासन दिया।

---



**फतेहाबाद।** घायल युवक से बातचीत करते माकपा प्रतिनिधिमंडल।

## गोरक्षा के नाम पर युवकों पर हमला निंदनीय : माकपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

- घायलों से मिला माकपा प्रतिनिधिमंडल, हाल-चाल जाना

राजस्थान के राजगढ़ टोल नाके के पास गांव ढाणी माजरा निवासी पंछी राम भादू के लड़के सोनू एवं बड़ोपल निवासी बलवंत पर तथाकथित गौरक्षा के नाम पर गुंडा गिरोह द्वारा किए गए कातिलाना हमले की माकपा जिला कमेटी ने कड़े शब्दों में निन्दा करते हुए शासन एवं प्रशासन से मांग करते हुए दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने, घायलों का मुफ्त इलाज करवाने और मुआवजा दिलाने की मांग की है।

माकपा का प्रतिनिधिमंडल आज आज युवकों से मिला और घटना बारे जानकारी दी। इस दौरान हमले में घायल सोनू भादू ने बताया कि वह अपने सहयोगी बलवंत के साथ अपनी पिकअप गाड़ी में जयपुर से निम्बू भरकर फतेहाबाद की तरफ आ रहे थे। राजगढ़ टोल नाके पर 10-12 लोगों के गुंडा गिरोह ने तथाकथित गौरक्षा के नाम पर उन पर हमला बोल दिया। गाड़ी के शीशे व लाईटें तोड़ कर हम दोनों को गाड़ी से घसीट कर ताबड़तोड़ हमला बोल दिया। सिर पर लगी चोट के चलते बेहोशी की हालत में हमारे ऊपर लोहे की राड एवं लाठी-डंडे बरसाए गए।

इन गुण्डों ने सोनू का पैर एवं बलवंत का हाथ तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलने पर माकपा जिला कमेटी का प्रतिनिधिमंडल जिसमें माकपा जिला सचिव कामरेड जगतार सिंह, रामकुमार बहबलपुरिया, शाहनवाज एडवोकेट, जोगेंद्र सिंह भ्याना, संदीप महिया ने उनके घर जाकर घायल का हाल-चाल पूछा। माकपा प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि भाजपा शासनकाल में सत्ता के संरक्षण में तथाकथित गौरक्षा के नाम पर गुंडागिरोह सरेआम और गाड़ी चलाने वालों और आम जनता को हर जगह लूट खसोट रहे हैं और अनेक लोगों को अपना शिकार बना रहे हैं। माकपा ने ऐसे गिरोह को पकड़ने और उनके उपर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

---

## मांगों को लेकर विधायक को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डबवाली

- वित्तीय संस्थान ठेका कर्मचारी संघ के सदस्यों ने सिहाग से की मुलाकात

वित्तीय संस्थान ठेका कर्मचारी संघ हरियाणा के सदस्यों ने आज हरियाणा विधानसभा की लोक लेखा समिति के अध्यक्ष व हलका डबवाली के विधायक अमित सिहाग से मुलाकात कर अपनी मांगों को पूरा करवाने का आह्वान करते हुए ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से कर्मचारियों ने बताया कि वह हरियाणा कौशल रोजगार के तहत जिला सहकारी बैंकों में अनुबंध के आधार पिछले कई वर्षोंर् से पर कार्यरत हैं और सभी अनुबंधित कर्मचारी स्वीकृत पदों पर तैनात है। उन्होंने बताया कि जिला सहकारी बैंकों के आधुनिकीकरण व कंप्यूटरीकरण करने में उपरोक्त कर्मचारियों का महत्वपूर्ण योगदान है और यह कर्मचारी कोरोना महामारी में भी पूरी निष्ठा व लगन से अपनी सेवाएं देते रहे हैं। कर्मचारियों ने बताया कि अनुभव व कार्य कुशलता के बावजूद भी उनका रोजगार असुरक्षित है व ना मात्र वेतन होने के चलते उनके परिवारों का गुजारा होना भी मुश्किल है। उन्होंने अमित सिहाग से आग्रह किया कि वह सरकार के समक्ष उनकी मांग को रख कर किसी भी पॉलिसी के तहत उन्हें नियमित करवाने का काम करें। विधायक सिहाग ने कर्मचारियों की मांग का समर्थन करते हुए उनकी मांगों को सरकार से सामने रखा जाएगा।



**सिरसा।** विधायक अमित सिहाग को ज्ञापन सौंपते कर्मचारी।

## कालुआना चैनल जल्द बनाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डबवाली

गांव रिसालियाखेड़ा में ग्रामीणों ने हरियाणा बीज विकास निगम के चेयरमैन देव कुमार शर्मा को कालुआना खरीफ चैनल जल्द बनाने की मांग को लेकर एक ज्ञापन सौंपा। देव कुमार शर्मा जिला परिषद सदस्य ओमप्रकाश फौजी के बहनोई के देहांत पर शोक प्रकट करने के लिए गांव रिसालियाखे?ा गए थे। परिवार के साथ संवेदनाएं जताने के बाद वे गांव में कार्यकर्ताओं से मिले। इस मौके पर भाजपा के जिला कार्यकारिणी सदस्य अमी लाल पारीक व भाजपा एससी मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष विनोद सीलन के साथ काफी लोगों ने देव कुमार शर्मा को कालुआना खरीफ चैनल से संबंधित मांग को लेकर ज्ञापन दिया। देव कुमार शर्मा ने बताया कि लोगों ने कहा है कि रिसालियाखेड़ा, बि'जुवाली, गोदिका, दारेवाला, कालूआना आदि गांवों में पानी की ब?ी किल्लत हैं। खेत प्यासे हैं क्योंकि उन्हें सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी नहीं मिल रहा है। अगर कालुआना खरीफ चैनल बनाया जाए तो किसानों के लिए यह चैनल जीवनदायिनी साबित होगा। सभी ग्रामीणों को देव कुमार शर्मा ने विश्वास दिलाया कि वे शीघ्र ही सीएम नायब सैनी से समय लेकर ग्रामीणों के एक प्रतिनिधिमंडल को चंडीग? में उनसे मिलवाएंगे और उनकी मांग पूरी करवाने का प्रयास किया जाएगा। इस मौके पर निहाल सिंह, हनुमान गोस्वामी हनुमान मूंड, हरभजन सिंह व अन्य मौजूद रहे।



**सिरसा।** देव कुमार शर्मा को ज्ञापन सौंपते गांव के लोग।

---

## सत्य का आचरण करने से ही उन्नति : जोशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा



श्री मां भगवती इच्छा पूर्ण मंदिर, शमशाबाद पट्टी सिरसा में श्री राधे बिहारी प्रेम मंडल के सान्निध्य में सुमनांजली जोशी ने श्रीदेवी भागवत कथा के तीसरे दिन कहा कि जीवन में सत्य का आचरण करने वाला व्यक्ति उन्नति के पथ पर अग्रसर होता है। माता-पिता का आदर करना और उनकी सेवा करना ही सच्ची सेवा है। कितनी ही विपरीत परिस्थिति क्यों न आ जाएं, जीवन में सत्य का मार्ग नहीं छोड़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि देवी भगवती जगत की मां हैं, जो भी मां की शरण में आता है, उसका कल्याण होता है। उन्होंने कहा पति-पत्नी को कभी भी लड़ना नहीं चाहिए। दोनों ही जीवन के दो पहिए हैं। दोनों को मिल-जुलकर जीवन रूपी गाड़ी को आगे बढ़ाना चाहिए। उन्होंने देवी के विभिन्न स्वरूपों का वर्णन करते हुए कहा कि देवी सर्वशक्तिमान है। जब जब धरती पर पाप बढ़े हैं मां भगवती ने अलग-अलग रूपों में अवतार लिया है। कई लोग बुढ़ापे में माता-पिता को वृद्ध आश्रम में छोड़ देते हैं। ऐसे लोगों को अनेक जन्मों में घोर दुख भोगने पड़ते हैं।

## बारिश से गिरा गरीब का आशियाना

- परिवार ने सरकार से आर्थिक सहायता की गुहार लगाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रतिया

बारिश के कारण रविवार रात शहर के वार्ड नंबर 5 में एक गरीब परिवार की मकान की छत गिर गई। उस समय परिवार के लोग कमरे में सोये हुए थे। छत गिरने से परिवार के सदस्यों को गंभीर चोटें आई है। आसपास के लोगों ने इन्हें मलबे से बाहर निकाला और अस्पताल में भर्ती करवाया। इस बारे में जानकारी देते हुए वार्ड नंबर 5 के पार्षद प्रतिनिधि गुरप्रीत सिंह हैप्पी ने बताया कि उक्त परिवार का मुखिया सोनी सिंह पिछले काफी समय से बीमार है और परिवार बहुत गरीब है। बारिश की वजह से रात को उनके मकान की छत गिर गई जिसमें सोनी सिंह, उसकी पत्नी, उसकी पुत्रवधू व घर के तीन अन्य बच्चों को गंभीर चोटें लगी। उन्हें अस्पताल में भर्ती करवाया गया जहां से तीन लोगों की गंभीर अवस्था को देखते हुए उन्हें अग्रोहा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है। पार्षद प्रतिनिधि गुरप्रीत सिंह हैप्पी व अन्य मोहल्लावासियों ने प्रशासन से मांग किया कि परिवार की आर्थिक सहायता की जाए।



**रतिया।** छत गिरने से हुए नुकसान पर परिवार की आर्थिक मदद की मांग करते लोग।

## सरोवर योजना में धांधली की जांच करवाए सरकार



**सिरसा।** गांव में हुई बर्बादी का जायजा लेते डॉ. केवी सिंह।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डबवाली

उपमंडल के गांव अहमदपुर दारेवाला में निरीक्षण के दौरान वरिष्ठ कांग्रेस नेता डॉ. केवी सिंह ने कहा कि सरकार द्वारा अमृत सरोवर, जल संचय आदि योजनाओं पर करोड़ों रुपए खर्च कर दिए लेकिन पहली ही बरसात ने सरकार की इस योजना को धराशाई कर दिया। उन्होंने कहा कि करोड़ों रुपए लगाकर इस योजना के नाम पर महज खानापूर्ति की गई। डॉ सिंह ने कहा कि मटदादू गांव का एक वीडियो भी वायरल हो रही है जो सरकार की अमृत योजना को आइना दिखा रही है। डॉ. केवी सिंह ने कहा कि विभिन्न गावों में यह भी शिकायतें आ रही है कि इस परियोजना के तहत जिन ठेकेदारों को काम दिया गया वह कच्चा काम करके पैसे लेकर चलते बने और पक्का काम छोड़ गए तथा सरकार आंखें मूंद कर बैठी रही जिससे जनता की मेहनत के करोड़ों रुपये बर्बाद हो गए। उन्होंने कहा कि ऐसे में यह साबित हो रहा है कि यह योजना एक बड़ी धांधली है और सरकार को प्राथमिकता पर इसकी जांच करवा कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए। दारेवाला गांव में बरसात से हुए नुकसान में अमरजीत सुथार, सर्वजीत, कृष्ण कुमार, रमेश ,कालू राम, सतपाल,चिमन लाल , होशियार सिंह, विनोद, कालू राम आदि सहित क़रीब एक दर्जन घरों का जायजा लेने के बाद डॉ सिंह ने सरकार से मांग की है कि वह जल्द से जल्द इन घरों का निरीक्षण करवा लोगों को बनता मुआवजा देने का काम करे।

---

### रतिया में भाजपा जिला कार्यकारिणी की बैठक आयोजित

# 'बूथ जीता, चुनाव जीता' के नारे को याद रखें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रतिया

भाजपा जिला कार्यकारिणी की बैठक रतिया के इम्पोरियम पैलेस में आयोजित हुई। बैठक में राज्यसभा सांसद सुभाष बराला, पूर्व सांसद संजय भाटिया व भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष सुखविन्द्र मांडी ने भाग लिया। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष बलदेव सिंह ग्रोहा ने की। बैठक में विशेष तौर पर जिला प्रभारी सुरेन्द्र आर्य, रतिया के विधायक लक्ष्मण नापा, फतेहाबाद के विधायक दूड़ाराम, पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल, प्रदेश सचिव रविन्द्र बलियाला व हरियाणा सरकार के चेयरमैन भारत भूषण मिड्ढा ने शिरकत की। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए भाजपा नेताओं ने कहा कि विधानसभा चुनाव बहुत ही नजदीक हैं, इसलिए सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता अपनी अपनी जिम्मेदारियां संभाल लें। 'बूथ जीता, चुनाव जीता' के नारे को याद रखते हुए अपने अपने बूथों की मजबूती सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता अपने अपने बूथों पर रोजाना समय देते हुए जमीनी स्तर पर लोगों से मिले तथा प्रदेश की भाजपा सरकार व पीएम नरेन्द्र मोदी की सरकार की विभिन्न कल्याणकारी नीतियों व योजनाओं का प्रचार करें। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश में भाजपा सरकार अच्छी स्थिति में है। सरकार की योजनाओं का लाभार्थियों को सीधा लाभ दिया जा रहा है। सरकार के आदेशों पर प्रशासन जनसंवाद कर जनता की समस्याओं का सीधा समाधान करवा रहा है। प्रदेश सरकार की अनेक योजनाओं से लाभार्थियों व प्रदेशवासियों का उत्थान हो रहा है। किसानों के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाएं लागू कर उन्हें समृद्ध बनाया जा रहा है। भाजपा नेताओं ने कहा कि केन्द्र की तरह इस बार भी प्रदेश में तीसरी बार भाजपा की ही सरकार बनेगी और हरियाणा प्रदेश प्रगति के पथ पर अग्रसर होगा। इस अवसर पर प्रदेश पदाधिकारी, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य, मोर्चा प्रदेश पदाधिकारी, प्रदेश कार्यकारिणी, मोर्चो के जिलाध्यक्ष व अन्य मौजूद रहे।




**रतिया।** भाजपा जिला कार्यकारिणी की बैठक को संबोधित करते मुख्य वक्ता।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 9315429403, 7988727916, 9253681005